दिनांक 14.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

निगम आयुक्त श्री 'सुंदरानी प्रातः भेलवा तालाब पहुंचकर उपस्थित नागरिकों को छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए स्वच्छता एप डाउनलोड कराया

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस के सुंदरानी ने आज प्रातः नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब में पहुंचकर छठ त्यौहार की शुभकामनाएं उपस्थित नागरिकों को दी एवं तालाब का पूरा भ्रमण करते हुए उपस्थित गणमान्य नागरिकों से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भिलाई को साफ सुंदर एवं स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य को लेकर लोगों से चर्चा कर स्वयं स्वच्छता मोबाइल एप डाउनलोड कराया गया तथा श्री सुंदरानी ने नागरिकों से अपील की आप लोग क्षेत्र के अधिक से अधिक व्यक्ति को अवश्य स्वच्छता मोबाइल एप डाउनलोड कराने में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करें ताकि प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता एप को डाउनलोड करके स्वच्छता के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए अपने सलाह और मत प्रेषित कर सकें सफाई के संबंध में की जाने वाली शिकायत का निराकरण निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी के द्वारा मौके का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करेगा आप लोगों को जहां कहीं पर भी राह चलते कचरे या गंदगी के ढेर नजर आते हैं ऐसे स्थानों का आप अवश्य फोटोग्राफ्स लेकर स्वच्छता एप के माध्यम से प्रेषित करें। जिसका निराकरण निगम भिलाई द्वारा किया जावेगा ऐसा करके निगम प्रशासन और आम जनता के संयुक्त प्रयास से भिलाई को स्वच्छ सुंदर और साफ बनाने की दिशा में हम आगे बढ़ सकते हैं।

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने भेलवा तालाब में प्रत्येक व्यक्ति अपना मतदान अवश्य करें के संबंध में बनाए गए सेल्फी जोन में स्वयं सेल्फी ली।

दुर्ग जिले के अंतर्गत विधानसभा चुनाव हेतु निर्धारित मतदान तिथि 20 नवंबर को अपने मतदान केंद्र में पहुंचकर अपना मताधिकार का उपयोग अवश्य करने की अपील नागरिकों से की गई ।

18 वर्ष की उम्र के युवा छात्र-छात्राओं से कहा कि आप लोग स्वयं अपने मताधिकार का उपयोग करें तथा अधिक से अधिक मतदान कराने में निर्वाचन आयोग का सहयोग करें युवा पीढ़ी ही आने वाला देश का भविष्य है इसलिए आप लोग अवश्य मतदान करें एवं अपने परिवार के सदस्य एवं अपने पड़ोसियों भी निवेदन करें की वे अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करने हेतु अभियान चलावे जिससे शत प्रतिशत मतदान हो सके।

जनसम्पर्क अधिकारीं